# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ,

(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

## कार्य परिषद की बैठक (संख्या 12/2023) दिनांक 26-12-2023 की कार्यवृत्त

### उपस्थिति

| | | |
|---|---|---|
| 1- प्रो0 आलोक कुमार राय, कुलपति | | :–अध्यक्ष |
| 2- प्रो0 अरविन्द अवस्थी, प्रति कुलपति | | :–सदस्य |
| 3- अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय | | :–सदस्य |
| 4- अधिष्ठाता, आयुर्वेद संकाय | (ऑनलाइन माध्याम) | :–सदस्य |
| 5- प्रो0 राज कुमार | | :–सदस्य |
| 6- प्रो0 रूपेश कुमार | | :–सदस्य |
| 7- प्रो0 बी0डी0 सिंह | | :–सदस्य |
| 8- प्रो0 राम निवास सिंह | | :–सदस्य |
| 9- प्रो0 अरविन्द मोहन | (ऑनलाइन माध्यम) | :–सदस्य |
| 10- प्रो0 शीला मिश्रा | | :–सदस्या |
| 11- डॉ0 नन्द किशोर | | :–सदस्य |
| 12- डॉ0 हिमांशु मोहन | | :–सदस्य |
| 13- डॉ0 जॉय सरकार | | :–सदस्य |
| 14- डॉ0 इन्दू सक्सेना | | :–सदस्या |
| 15- प्रो0 रजनी कांत श्रीवास्तव | (ऑनलाइन माध्यम) | :–सदस्य |
| 16- श्री धर्मेन्द्र सिंह | | :–सदस्य |
| 17- डॉ0 जगन्नाथ गुप्ता | (ऑनलाइन माध्यम) | :–सदस्य |
| 18- जस्टिस रंजना पांडया | | :–सदस्या |
| 19- प्रो0 कल्पलता पाण्डेय | (ऑनलाइन माध्यम) | :–सदस्या |
| 20- डॉ0 विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव | | :–पदेन सचिव |

श्रीमती हिमानी चौधरी,श्री विद्यानन्द त्रिपाठी, परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, विशेष आमन्त्रित सदस्य के रूप में बैठक में उपस्थित रहें, सचिव/कुलसचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया।

तत्पश्चात कार्य परिषद के समस्त मा0 सदस्यों के स्वागतोपरान्त अध्यक्ष/कुलपति जी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

## बैठक की कार्यवृत्ति

**विनिश्चय संख्या 2023/12/01:-** कार्य परिषद की बैठक (संख्या 11/2023) दिनांक 03-12-2023 की कार्यवृत्ति एवं कृत कार्यवाही आख्या मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**कार्य परिषद की बैठक संख्या 11/2023 दिनांक 03-12-2023 की कार्यवृत्त एवं कृत कार्यवाही पर सम्यक चर्चा उपरान्त मा0 कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2023/12/02:-** विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/संस्थानों की गत दिनों सम्पन्न चयन समिति की संस्तुतियों पर निर्णय।

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/संस्थानों की गत दिनों सम्पन्न चयन समितियों की संस्तुतियों के सील बंद लिफाफों को कार्य परिषद के सम्मुख खोले जाने हेतु अध्यक्ष कार्य परिषद द्वारा सचिव/कुलसचिव को निर्देश प्रदान किया गया।

तत्पश्चात संस्तुतियों के सील बंद लिफाफे खोले गये, जिनका विवरण निम्नवत हैः–

विज्ञापन संख्या आर/01/2023 द्वारा **Department of Western History, Faculty of Arts, Department of English and Modern European Languages, Faculty of Arts, Department of Political Science, Faculty of Arts, Department of Geology, Faculty of Science, Department of Chemistry, Faculty of Science, and Department of Botany, Faculty of Science** के विज्ञापित रिक्त पदों के सापेक्ष दिनांक 09-12-2023, 12-12-2023, 14-12-2023, 18-12-2023, 19-12-2023, 20-12-2023, 21-12-2023 एवं दिनांक 23-12-2023 को सम्पन्न चयन समिति की निम्नवत संस्तुतियों पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गयाः—

| पद नाम | विभाग का नाम | श्रेणी | संस्तुति | प्रतिक्षा सूची |
|---|---|---|---|---|
| Assistant Professor | Western History, (History & Culture Asian People) | UR | Shalini Pathak | Ashutosh Singh |
| Assistant Professor | Western History | OBC | Anshu Chaudhary | Anil Kumar Yadav |
| Assistant Professor | English and Modern European Languages | EWS | Vipin Pandey | Tooba Masood |
| Assistant Professor | English and Modern European Languages | UR | Bharti Rai | Shraddha Gupta |
| | | | Ansh Sharma | Archana Gupta |
| | | | Tanuka Chatterjee | Shweta Shukla |
| Assistant Professor | Political Science | UR | Tungnath Mauar | Gaurav Singh |
| Professor | Geology | UR | Anju Saxena | Abhishek Saxena |
| Professor | Geology | SC | Absent | ------------------- |
| Associate Professor | Geology | SC | Vinit Kumar | Prahlad Ram |
| Associate Professor | Geology | OBC | Not Found Suitable | ------------------- |
| Assistant Professor | Geology | OBC | Ramanand Yadav | Kartika Goswami |
| Assistant Professor | Geology | UR | Shashi Ranjan Rai | Praveen Chandra Singh |
| Assistant Professor | Geology | EWS | Sneha Raghuvanshi | Chetan Anand Dubey |
| Assistant Professor | Chemistry | UR | Vinod | Shachi Mishra |
| Assistant Professor | Chemistry | EWS | Priyanka Pandey | Rohit Prakash |
| Assistant Professor | Chemistry | OBC | Priyanka Chaudhary | Ayushi Singh |
| Assistant Professor | Botany | UR | Avantika Pandey | Surendra Pratap Singh |
| | | | Kavita Arora | Shefali Singh |

कैरियर एडवान्समेंट योजना (CAS) के अन्तर्गत **Department of Western History, Faculty of Arts & Department of Geology, Faculty of Science** की दिनांक 09-12-2023 एवं दिनांक 18-12-2023 को सम्पन्न स्क्रीनिंग/चयन समिति की निम्नवत संस्तुतियों पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गयाः—

| क्रमांक | शिक्षक का नाम | पद नाम | विभाग का नाम | प्रोन्नति का पदनाम | अनुमन्य तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | Dr. Amita Sonker | Associate Professor | Western History | Proessor (Stage 5) | 08-04-2023 |
| 2- | Dr. Archana Tewari | Associate Professor | Western History | Proessor (Stage 5) | 31-01-2014 |
| 3- | Dr. Manoj Kumar Yadav | Assistant Professor | Geology | Assistant Proessor (Level-11) | 24-11-2023 |
| 4- | 'Dr. Ajay Kumar Arya | Associate Professor | Geology | Proessor (Stage 5) | 24-06-2021 |

**विनिश्चय संख्या 2023/12/03:-** वित्त समिति की बैठक दिनांक 22-12-2023 की कार्यवृत्ति मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

वित्त समिति की बैठक दिनांक 22-12-2023 के कार्यवृत्त पर वित्त अधिकारी द्वारा संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया जिस पर मा0 कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विनिश्चय संख्या 2023/12/04:-** डॉ0 रेखा श्रीवास्तव, गणित एवं खगोलशास्त्र विभाग, एवं डॉ0 उदय सिंह राजपूत, गणित एवं खगोलशास्त्र विभाग, द्वारा उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 68 के अधीन मा0 कुलाधिपति महोदया के समक्ष प्रस्तुत वाद के क्रम में मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा पारित आदेश परिषद के सम्मुख अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

डॉ0 रेखा श्रीवास्तव, गणित एवं खगोलशास्त्र विभाग, एवं डॉ0 उदय सिंह राजपूत, गणित एवं खगोलशास्त्र विभाग, द्वारा उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 68 के अधीन मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा पारित आदेश पर कार्य परिषद सदस्यों द्वारा व्यापक चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। चर्चा के दौरान माननीय सदस्यो द्वारा कार्य परिषद के आदेश में इंगित "नियमानुसार निर्णय" के आलोक में नियम की व्याख्या समेत प्रकरण के सम्यक् परीक्षण हेतु समिति बनाने का प्रस्ताव दिया। मा0 कार्य परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विषय के सम्बन्ध में समिति के गठन हेतु मा0 अध्यक्ष, कार्य परिषद/कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

**विनिश्चय संख्या 2023/12/05:-** डॉ0 चेतना सोनी, एसोसिएट प्रोफेसर, जीव रसायन शास्त्र विभाग द्वारा एसोसिएट प्रोफेसर, जीव रसायन शास्त्र विभाग के पद से दिनांक 31.10.2023 की अपरान्ह से प्रस्तुत त्याग पत्र परिषद के सम्मुख विचारार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत।

**डॉ0 चेतना सोनी, एसोसिएट प्रोफेसर, जीव रसायन शास्त्र विभाग द्वारा एसोसिएट प्रोफेसर, जीव रसायन शास्त्र विभाग के पद से दिनांक 31.10.2023 की अपरान्ह से प्रस्तुत त्याग पत्र पर मा0 कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2023/12/06:-** स्व0 डॉ0 राजीव सक्सेना, व्यापार प्रशासन विभाग, ल0वि0वि0 के प्रकरण के सम्बन्ध में मा0 कुलपति महोदय द्वारा गठित समिति की आख्या परिषद के सम्मुख अवलोकनार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत।

**स्व0 डॉ0 राजीव सक्सेना, व्यापार प्रशासन विभाग, ल0वि0वि0 के प्रकरण पर गठित समिति की निम्नवत आख्या पर व्यापक विचारोपरान्त मा0 कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया:–**

**"स्व0 राजीव सक्सेना को मौलिक पद पर विनियमितीकरण यथा दिनांक 12.04.2007 (जिस तिथि से प्रवक्ता वेतनमान दिया गया) से किया जाना समीचीन होगा।**

**विनिश्चय संख्या 2023/12/07:-** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अयोजनागत पक्ष में निम्नवत् तीन अस्थाई सपोर्टिंग स्टाफ को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र (पूर्व नाम एकेडमिक स्टॉफ कॉलेज, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ) हेतु स्वीकृति किया गया था:–

| क्रमांक | पद नाम | पद संख्या | वेतनमान (रु0) |
|---|---|---|---|
| 1. | कनिष्ठ सहायक | एक | 4000–6000 |
| 2. | नैत्यिक लिपिक (टंकण) | एक | 3050–4590 |
| 3. | चपरासी | एक | 2550–3200 |

उपरोक्त तीन अस्थायी पदों को आयोजनागत मद से अयोजनेत्तर मद में स्थानान्तरित करके तीनों पदों को नियमित करने सम्बन्धी प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, अनुभाग–04, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सम्बोधित कार्यालय द्वारा प्रेषित अनुरोध पत्र संख्या R/769/23 दिनांक 18/12/2023 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**निदेशक, ऐकेडमिक स्टाफ कालेज, डॉ0 कमल कुमार द्वारा प्रस्ताव से सदन को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोगः मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र, पूर्व नाम मानव संसाधन विकास केन्द्र (पूर्वनाम एकेडमिक स्टाफ कालेज) लखनऊ विश्वविद्यालय का गठन वर्ष 1988 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,नई दिल्ली द्वारा किया गया है, जिसमे विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों को कैरियर एडवांस स्कीम के अन्तर्गत प्रशिक्षण का कार्य वर्ष 1988 से अद्यतन निरन्तर चलता रहता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा पुनः उच्च शिक्षा के उत्तरोत्तर वृद्धि हेतु राष्ट्रीय स्तर पर बहुत अधिक महत्व प्रदान किया गया है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्र संख्या 28–42/2012(ASC) दिनांक फरवरी, 2013 में वर्णित निर्देश "The appointments shall be made on a regular basis instead of having persons appointed on an adhoc/temporary basis or taken on deputation. The appointment should be through proper Selection Committees and their services shall be counted for all purposes" तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निम्नांकित दिशा निर्देशों (2019) के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निम्नलिखित स्थायी पदों को स्वीकृत/अंगीकृत करते हुए वेतन एवं वित्तीय भार वहन करने की भी स्वीकृति प्रदान की जानी है:–**

"(शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधित विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार संविदा के आधार पर रिक्त स्वीकृत पदों में की जा सकती है। दैनिक मजदूरी के आधार पर नियुक्त कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जा सकता है। मानव संसाधन विकास केन्द्र के लिए निम्नवत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों निर्धारित है):–

| क्रमांक | पद नाम | पद संख्या |
| --- | --- | --- |
| 1. | तकनीकी अधिकारी | एक |
| 2. | अनुभाग अधिकारी | एक |
| 3. | वरिष्ठ सहायक | एक |
| 4. | कनिष्ठ सहायक | एक |
| 5. | प्रलेखन सहायक | एक |
| 6. | स्टैनो–टंकण / कम्प्यूटर आपरेटर | एक |
| 7. | चपरासी / बहु कार्य स्टाफ | एक |
| 8. | छात्रावास सहायक | एक |

कार्य परिषद द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्र के नवीन नाम मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र, को अनुमोदित करते हुए (पूर्वनाम एकेडमिक स्टाफ कालेज) लखनऊ पूर्व से नियुक्ति कार्मिकों को उनकी नियुक्ति के समय लागू नियमावली के अनुसार तथा 2019 के पश्चात रिक्त होने वाले पदों पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार नियुक्ति संविदा के आधार पर किये जाने पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

उत्तर प्रदेश सरकार के पत्रांक 4472 / पन्द्रह(15) / 90–3(21) / 88 दिनांक 12.06.1990 द्वारा ऐकेडमिक स्टाफ कालेज, लखनऊ विश्वविद्यालय में निम्नलिखित तीन पदों की स्वीकृति प्रदान की गयी है:–

| क्रमांक | पद नाम | पद संख्या | वेतनमान (रु0) |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | कनिष्ठ सहायक | एक | 4000–6000 |
| 2. | नैत्यिक लिपिक (टंकण) | एक | 3050–4590 |
| 3. | चपरासी | एक | 2550–3200 |

कार्य परिषद द्वारा व्यापक विचार–विमर्श के उपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया तथा तदनुसार शासन को स्वीकृति प्रदान करने हेतु पत्र प्रेषित किये जाने पर सहमति प्रदान की गई।

**विनिश्चय संख्या 2023/12/08:-** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा उ0प्र0 शासन के दिये गये निर्देश के क्रम में ई–अधियाचन के माध्यम से समूह 'ग' के रिक्त पदों पर नियुक्ति किये जाने सम्बन्धी शासनादेश मा0 कार्य परिषद के समक्ष संज्ञानार्थ / अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्याः 1 / 2023 / 415 / सामान्य / सैंतालिस–का–4–2023 दिनांक 23 मार्च, 2023 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में ई–अधियाचन के माध्यम से समूह 'ग' के रिक्त पदों पर नियुक्ति किये जाने सम्बन्धी शासनादेश पर अग्रिम कार्यवाही किये जाने जाने हेतु मा0 कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

## पूरक कार्य सूची

**अन्य विनिश्चय संख्या 2023/12/S01:-** डॉ0 नन्दलाल भारती, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, लोक प्रशासन विभाग, ल0वि0वि0 द्वारा अटल सुशासन पीठ की पारित नियमावली के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ / अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

डॉ0 नन्दलाल भारती, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, लोक प्रशासन विभाग, ल0वि0वि0 द्वारा अटल सुशासन पीठ की पारित नियमावली के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर व्यापक विचारोपरान्त मा0 कार्य परिषद द्वारा मूल नियमावली 2018 को ही यथावत रहने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**अन्य विनिश्चय संख्या 2023/12/S02:-** डॉ0 संजीव किशोर गौतम, विभागाध्यक्ष, ललित कला विभाग,कला एवं शिल्प महाविद्यालय की नियुक्ति Director General (on Deputation Basis) राष्ट्रीय कला संग्रहालय, नई दिल्ली के पद पर होने के उपरान्त डॉ0 गौतम द्वारा दिनांक 22.12.2023 से दिनांक 21.12.2026 तक (तीन वर्ष) वेतनरहित असाधारण अवकाश हेतु किये गये अनुरोध के क्रम में मा0 कुलपति महोदय द्वारा संजीव किशोर गौतम को दिनांक 22.12.2023 से दिनांक 21.12.2026 तक (तीन वर्ष) वेतनरहित असाधारण अवकाश कार्य परिषद की अनुमोदन की प्रत्याशा में स्वीकृत किये जाने सम्बन्धी प्रकरण मा0 परिषद के सम्मुख अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

डॉ0 संजीव किशोर गौतम, विभागाध्यक्ष, ललित कला विभाग, कला एवं शिल्प महाविद्यालय की Director General (on Deputation Basis) राष्ट्रीय कला संग्रहालय, नई दिल्ली के पद पर नियुक्ति होने के फलस्वरूप डॉ0 संजीव किशोर गौतम को मा0 कार्य परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में निर्गत पत्र संख्या आर/775/23 दिनांक 20.12.2023 द्वारा दिनांक 22.12.2023 से दिनांक 21.12.2026 तक (तीन वर्ष) तक स्वीकृत वेतनरहित असाधारण अवकाश पर मा0 कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।

अन्य विनिश्चय संख्या **2023/12/S03:-** कुलानुशासक कार्यालय, ल0वि0वि0 में संविदा पर कार्यरत 06 भूतपूर्व सैनिकों (सेवा से सेवानिवृत्त) की सुरक्षा गार्ड के रुप में पूर्व में स्वीकृत 11 माह की सेवाएं दिनांक 03.01.2024 को पूर्ण होने के परिणामस्वरुप दिनांक 05.01.2024 से अग्रिम 11 माह हेतु पूर्व की भांति विस्तारित किये जाने सम्बन्धी प्रकरण मा0 परिषद के सम्मुख अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्य विनिश्चय संख्या **2023/12/S04:-** श्री मुकेश धर दुबे, कनिष्ठ सहायक (निलम्बित कर्मचारी) के सम्बन्ध मे दिनांक 03.12.2023 को सम्पन्न कार्य परिषद की बैठक मे लिये गये निर्णय के क्रम में जस्टिस श्रीमती रंजना पाण्ड्या एवं निदेशक विधिक द्वारा पत्रावली के परीक्षणोपरान्त प्रेषित गोपनीय रिपोर्ट मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत।

श्री मुकेश धर दुबे, कनिष्ठ सहायक (निलम्बित कर्मचारी) के सम्बन्ध में जस्टिस श्रीमती रंजना पाण्ड्या एवं निदेशक विधिक द्वारा प्रस्तुत गोपनीय रिपोर्ट पर व्यापक विचारोपरान्त मा0 कार्य परिषद द्वारा प्रकरण पर मा0 न्यायालय के अंतिम आदेश के अधीन श्री मुकेश धर दुबे, कनिष्ठ सहायक, विज्ञान संकाय कार्यालय की निलम्बन अवधि के अवशेष वेतन के भुगतान को रोकते हुए इस शर्त के साथ निलम्बन वापस लिये जाने का निर्णय लिया गया कि श्री मुकेश धर दुबे द्वारा मा0 न्यायालय से प्राप्त आदेश का अनुपालन किये के संबंध में शपथ पत्र दिया जायेगा।

## अध्यक्ष महोदय की अनुमति से तत्समय प्रस्तुत मद

अन्य विनिश्चय संख्या **2023/12/S01:-** सुश्री उर्वशी सिरोही, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग द्वारा Indian Institute of Technology ,Bombay में Humanities and Social Science subject से पी0-एचडी0 कोर्स वर्क करने हेतु दिनांक 06.01.2024 से दिनांक 04.04.2024तक 03 माह हेतु सवेतन Study Leave स्वीकृत करने सम्बन्धी प्रकरण मा0 परिषद के सम्मुख निर्णयार्थ प्रस्तुत।

मा0 कार्य परिषद द्वारा प्रकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। सुश्री ऊर्वशी सिरोही, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग को पूर्व में 02 वर्षो हेतु स्वीकृत Sabbatical Leave को Study Leave मानते हुए 03 माह हेतु सवेतन Study Leave प्रदान किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

अन्य विनिश्चय संख्या **2023/12/S02:-** डॉ0 रोली मिश्रा, प्रोफेसर; अर्थशास्त्र विभाग, ल0वि0वि0 द्वारा डी0बी0एस0 कालेज, कानुपर में दिनांक 01.07.2003 से दिनांक 11.02.2016 तक की गयी सेवाओं को मा0 पेंशन लाभ हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में आगणित करने संबंधी प्रकरण मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

डॉ0 रोली मिश्रा, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, ल0वि0वि0 द्वारा डी0बी0एस0 कालेज, कानुपर में दिनांक 01.07.2003 से दिनांक 11.02.2016 तक की गयी सेवाओं को मात्र पेंशन लाभ हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में आगणित करने संबंधी प्रकरण मा0 कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्य विनिश्चय संख्या **2023/12/S03:-** विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों में दिनांक 25.12.2023 से दिनांक 05.01.2024 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किये जाने के संबंध में निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या: जी0ए0–28897–950 दिनांक 23.12.2023 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

मा0 कार्य परिषद द्वारा संज्ञान लेते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्य विनिश्चय संख्या **2023/12/S04:-** डॉ0 मोहिनी गौतम, असिस्टेंट प्रोफेसर, (संविदा), समाज कार्य विभाग, ल0वि0वि0 का गुरूघासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, में असिस्टेंट प्रोफेसर, समाज कार्य विभाग के पद पर चयन होने के दृष्टिगत उन्हें असिस्टेंट प्रोफेसर, (संविदा), समाज कार्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय के पद से कार्यमुक्त किये जाने के संबंध में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

मा0 कार्य परिषद द्वारा व्यापक चर्चापरान्त कार्यमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्य विनिश्चय संख्या **2023/12/S05:-** प्रधान मंत्री, जन विकास कार्यक्रम के अर्न्तगत पुस्तकालय एवं गेस्ट हाउस निर्माण हेतु भूमि आवंटित करने सम्बन्धी प्रकरण मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

मा0 कार्य परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में अनापत्ति प्रदान करने एवं निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा एवं विचार–विमर्श किया गया। कार्य परिषद के मा0 सदस्यों द्वारा चर्चा के दौरान इस बात पर विशेष बल दिया गया कि लखनऊ विश्वविद्याल, लखनऊ 100 वर्ष से अधिक पुराना विश्वविद्यालय है तथा दिन प्रतिदिन छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है। शैक्षणिक आवश्यकता के अनुरूप भूमि की रिक्तता कम है। ऐसे में विश्वविद्यालय के सर्वोच्च हित में ही भूमि का उपयोग किया जाय। विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने भी लिखित रूप में विश्वविद्यालय की आवश्यकता के अनुसार संयुक्त रूप से लाइब्रेरी एवं गेस्ट हाउस का निर्माण कराये जाने की स्थिति में ही भूमि दिये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया है। यह भी अवगत कराया है कि किसी भी प्रकार के परिवर्तन की स्थिति में शिक्षक संघ आन्दोलन के लिए बाध्य होगा। लाइब्रेरी तथा गेस्ट हाउस निर्माण हेतु प्रारम्भ में विश्वविद्यालय द्वारा 72 करोड़ का प्रस्ताव प्रेषित किया गया था जिसे संशोधित कर 35 करोड का प्रस्ताव शासन द्वारा प्रस्तुत किया गया और उसमे से भी गेस्ट हाउस निर्माण का प्रस्ताव हटा दिया गया। एक और प्रस्ताव लखनऊ विकास प्रधिकारण द्वारा 59 करोड का प्रस्ताव विश्वविद्यालय को प्रस्तुत किया गया, जिसमें लाइब्रेरी एवं गेस्ट हाउस निर्माण दोनो सम्मिलित है। प्रकरण पर सम्यक विचार–विमर्श एवं चर्चोपरान्त कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से निम्नवत् निर्णय लिया गया:–

"प्रधान मंत्री जन विकास कार्यक्रम के अर्न्तगत लखनऊ विश्वविद्यालय प्रांगण में संयुक्त रूप से लाइब्रेरी एवं गेस्ट हाउस निर्माण का सम्यक एवं संस्था हितकारी प्रस्ताव शासन द्वारा प्राप्त होने पर विचार एव निर्णय हेतु मा0 कार्य परिषद के समक्ष विचार हेतु प्रस्तुत किया जाये।

- मा0 कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में बी0कॉम एवं एम0कॉम कक्षाओं में संचालित on-line/Distance education के सुगम रूप से संचालन हेतु शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को योजित किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में वर्तमान में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को on-line/Distance education के संचालन हेतु योजित किये जाने पर निर्णय लिया गया।

तत्पश्चात कुलपति/अध्यक्ष की अनुमति पर कुलसचिव/सचिव द्वारा समस्त मा0 कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

डॉ0 विनोद कुमार सिंह
कुलसचिव/पदेन सचिव

प्रो0 आलोक कुमार राय
कुलपति/पदेन अध्यक्ष